# मैं मुसलमान होना चाहता हूं लेकिन... इस्लाम क़बूल करने के बारे में मिथक (भाग 3 का 3)

**रेटिंग:**

**विवरण:**

**श्रेणी:** [लेख](#) [इस्लाम में कैसे परिवर्तित हों](#) [इस्लाम में कैसे परिवर्तित हों और मुसलमान कैसे बनें](#)

**द्वारा:** Aisha Stacey (© 2011 IslamReligion.com)

**पर प्रकाशित:** 04 Nov 2021

**अंतिम बार संशोधित:** 04 Nov 2021

हमने भाग 2 को यह उल्लेख करते हुए समाप्त किया था कि जब कोई व्यक्ति इस्लाम क़बूल करता है तो उनके पिछले सभी पाप माफ़ कर दिए जाते हैं, चाहे कितने ही बड़े हों या छोटे हों, सारे पाप धुल जाते हैं। स्लेट साफ, पाप से मुक्त, चमकदार और सफेद हो जाते हैं; यह एक नई शुरुआत होती है। हालांकि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस्लाम क़बूल करने से हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें डर लगता है कि वे पाप से दूर नहीं रह पाएंगे। हम भाग 3 की शुरुआत इसी विषय पर चर्चा करते हुए शुरू करेंगे।

## 7. मैं मुसलमान होना चाहता हूं लेकिन मैं जानता हूं कि कुछ ऐसे पाप हैं जिन्हें मैं छोड़ नहीं सकता।

यदि कोई व्यक्ति यक़ीन रखता है कि ईश्वर के सिवाय कोई ईश्वर नहीं है, तो उसे बिना देर किए इस्लाम क़बूल कर लेना चाहिए, भले ही उन्हें लगता हो कि वे पाप करना नहीं छोड़ पाएंगे। जब किसी व्यक्ति को किसी भी नैतिक सिद्धांतों से मुक्त जीवन जीने की आदत हो जाए तो शुरुआत में उसे इस्लाम नियमों और कानूनों का एक ढेर सा लग सकता है जिसे पूरा करना लगभग असंभव है। मुसलमान शराब नहीं पीते, मुसलमान सूअर का मांस नहीं खाते, मुस्लिम औरतों को स्कार्फ़ पहनना चाहिए, मुसलमानों को हर दिन पांच बार नमाज़ पढ़नी चाहिए। पुरुष और महिलाएं खुद से ऐसी बातें कहते हैं, "मैं शायद शराब पीना नहीं छोड़ सकता", या "मुझे हर दिन पांच बार नमाज़ पढ़ने में बहुत मुश्किल होगी"।

हालांकि, वास्तविकता यह है कि एक बार जब किसी व्यक्ति ने स्वीकार कर लिया कि ईश्वर के सिवाय कोई ईश्वरआराधना के लायक नहीं है, और उसने उसके साथ एक संबंध विकसित कर लिया, फिर नियम

और कानून महत्वहीन हो जाते हैं। यह ईश्वर को प्रसन्न करने की एक धीमी प्रक्रिया है। कुछ लोगों के लिए, अच्छे जीवन के लिए दिशानिर्देशों को स्वीकार करना कुछ दिनों, घंटों का मामला होता है, दूसरों के लिए यह सप्ताह, महीने या साल का भी हो सकता है। इस्लाम में प्रत्येक व्यक्ति सिफ़र अलग-अलग होता है। यह याद रखना ज़रूरी है कि ईश्वर सभी पापों को क्षमा करता है। एक विश्वासी, ईश्वर की दया से, स्वर्ग जा सकता है, चाहे उसने कितने ही पाप किए हों। दूसरी ओर, एक अविश्वासी, जो एक सच्चे ईश्वर के अलावा किसी और चीज़ या किसी अन्य की आराधना करता है, उसे अनंत नरक की आग में डाल दिया जाएगा। इसलिए इस्लाम को पूरी तरह से क़बूल न करना या पाप करने वाले मुसलमान होने के बीच अगर एक विकल्प चुनने दिया जाए, तो दूसरी पसंद निश्चित रूप से बहुत बेहतर है।

## 8. मैं मुसलमान होना चाहता हूं लेकिन दूसरों को बताने से डरता हूं।

जैसा कि हमने बार-बार इसपर ज़ोर दिया है कि दुनिया में ऐसा कुछ भी नहीं है जो किसी व्यक्ति को इस्लाम क़बूल से रोक सकती है। यदि कोई अपने माता-पिता, भाई-बहन या दोस्तों जैसे दूसरे लोगों की प्रतिक्रिया से डरता है, और महसूस करता है कि वे उन्हें बताने के लिए अभी तैयार नहीं हैं, फिर भी उन्हें धर्म परिवर्तन कर लेना चाहिए और जितना हो सके गुप्त रूप से इस्लाम के रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। जैसे-जैसे समय बीतता है, और ईश्वर के साथ संबंध स्थापित होता है, वैसे-वैसे व्यक्ति का विश्वास मज़बूत होता जाएगा और वे जानेंगे कि स्थिति को बेहतर तरीक़े से कैसे संभालना है। वास्तव में नया मुसलमान लगभग निश्चित रूप से आज़ाद महसूस करेगा और पूरी दुनिया को इस्लाम की सुंदरता के बारे में सूचित करने की ज़रुरत महसूस करने लगेगा।

इस बीच, अपने मित्रों और परिवार को स्पष्ट रूप से होने वाले परिवर्तनों के लिए धीरे-धीरे और सूक्ष्म रूप से तैयार करना एक अच्छा विचार है। अब शायद कोई आमतौर पर ईश्वर और धर्म के बारे में खुलकर बात करना शुरू कर सकता है, अन्य धर्मों या विशेष रूप से इस्लाम में रुचि व्यक्त कर सकता है। जब कोई व्यक्ति इस्लाम के रास्ते पर चालना शुरू करता है, जो असल में ज़िंदगी जीने का एक तरीका है, तो उनके करीबी लोगों को अक्सर फ़र्क दिखाई देता है। वे अपने परिवार और समाज के लिए एक नई इज़्ज़त महसूस करेंगे; वे अक्सर चिंतित और दुखी वाले मानसिक स्थिति से शांत और संतुष्ट होने के लिए व्यवहार में बदलावमहसूस करेंगे।

इस्लाम ज़िंदगी जीने का एक तरीका है और इसे लंबे समय तक छिपाए रखना मुश्किल है। यह याद रखना बेहद ज़रूरी है कि जब लोग आपके इस्लाम क़बूल करने के बारे में जानेंगे तो बेशक लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। यह प्रतिक्रिया आपको खुश और क़बूल करने वाले लोगों से लेकर परेशान और निराशा महसूस करने वालों तक दिखेगा। अक्सर परेशान लोग वक़्त के साथ इससे उबर

जाते हैं और बदलाव को स्वीकार करने लगते हैं। और जब वे आप के अंदर कई सकारात्मक बदलाव देखते हैं, तो वे असल में आपके बदलाव की सराहना करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्ति को दृढ़ निश्चयी बने रहने और यह जानने की ज़रूरत है कि ईश्वर आपके साथ है। आपके शब्द और अनुभव दूसरों को आपके रास्ते का अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। ईश्वर पर भरोसा रखें, अपनी नई आस्था के बारे में जितना हो सके सीखें और अपनी ज़िंदगी में इस्लाम की रोशनी को चमकने दें।

## 9. मैं मुसलमान होना चाहता हूं पर मैं किसी मुसलमान को नहीं जानता

कुछ लोग इस्लाम के बारे में पढ़कर सीखते हैं, कुछ लोग अपने शहरों और कस्बों में मुसलमानों के बर्ताव को देखकर प्रभावित होते हैं, कुछ लोग टीवी पर कार्यक्रमों को देखकर भी इस्लाम के बारे में सीखते हैं और अन्य कई लोगों को, नमाज़ के लिए अज़ान की आवाज़ भी प्रभावित करती है। अक्सर लोग बिना किसी मुसलमान से मिले इस्लाम की ख़ूबसूरती देख और पा लेते हैं। इस्लाम क़बूल करने और इस्लाम को अपनाने से पहले मुसलमानों को जानना ज़रूरी नहीं है।

इस्लाम क़बूल करना शब्दों को कहने जितना ही आसान है, **मैं गवाही देता हूं कि ईश्वर के सिवाय कोई ईश्वर नहीं है और मैं गवाही देता हूं कि मुहम्मद उनके पैगंबर हैं**।इस्लाम को क़बूल करने के लिए किसी मस्जिद (इस्लामिक केंद्र) में जाना ज़रूरी नहीं है और न ही इस्लाम क़बूल करने के लिए गवाहों की आवश्यकता होती है। हालांकि, ये बातें इस्लाम के अंदर भाईचारे को दर्शाती है और दूसरों के नैतिक और आध्यात्मिक समर्थन के साथ एक नई आस्था की शुरुआत को चिह्नित करती है। यदि आसपास मदद करने के लिए कोई इस्लामिक केंद्र या मुसलमान मौजूद नहीं हो, तो आप बस "इस्लाम क़बूल करने और मुसलमान होने का तरीका" में बताई गई प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

इस्लाम क़बूल करने के बाद नए मुसलमान के लिए अन्य मुसलमानों के साथ संपर्क बनाना बहुत मददगार हो सकता है। आप अपने नए आध्यात्मिक परिवार के सदस्यों से स्थानीय मस्जिदों और इस्लामिक केंद्रों के पास जाकर मिल सकते हैं या फिर आप सड़क किनारे रहने वाले, एक ही बस पर सफ़र करने वाले, या एक ही कंपनी में काम करने वाले किसी मुसलमान से अपना परिचय देकर मिल सकते हैं। हालांकि, भले ही नया मुसलमान पूरी तरह से अकेला हो, वह 1.5 अरब अन्य मुसलमानों से जुड़ा हुआ है।

इस्लाम क़बूल करने से पहले या बाद में, यह वेबसाइट उन नए मुसलमानों की मदद के लिए उपलब्ध है जो इस्लाम को अपनाने के बारे में सोच रहे हैं। इस्लाम के बारे में आसानी से जानने के लिए सैकड़ों लेख मौजूद हैं। आपके इस्लाम क़बूल करने के बाद, यह वेबसाइट आपको लाइव-चैट के ज़रिए उपयोगी संसाधन और ऑनलाइन समर्थन देकर एक नए मुसलमान के रूप में शुरुआत करने में आपकी मदद करेगा।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/4513

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2024 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।